अनुक्रमांक　　　　　　नाम　　　　　　　　　　　　　　　　A/223

10/901　　　　अर्द्धवार्षिक परीक्षा '2022-2023'

# हिन्दी

समय : 2½ घण्टे　　　　　　　कक्षा-10　　　　　　　पूर्णांक : 70

नोट : *(i) प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड -'अ' एवं खण्ड -'ब'।*

*(ii) खण्ड -'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं।*

*(iii) खण्ड -'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख निर्धारित अंक अंकित हैं।*

## खण्ड - 'अ'

### बहुविकल्पीय प्रश्न - प्रत्येक 1 अंक

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर OMR शीट पर अंकित कीजिए-

1. मुंशी सदा सुखलाल की रचना है-
   (a) नासिकेतो पाख्यान　　(b) प्रेमसागर
   (c) सुखसागर　　(d) रानी केतकी की कहानी।
2. सदल मिश्र की रचना है-
   (a) रानी केतकी की कहानी　　(b) प्रेमसागर
   (c) सुखसागर　　(d) नासिकेतोपाख्यान।
3. शुक्ल युग के प्रमुख उपन्यासकार हैं-
   (a) मुंशी प्रेमचन्द　　(b) भारतेन्दु हरिशचन्द
   (c) पूर्ण सिंह　　(d) पृथ्वीराज।
4. शुक्लोत्तर युग के प्रमुख आलोचक थे-
   (a) प्रेमचन्द　　(b) हजारीप्रसाद द्विवेदी
   (c) रामचन्द्र शुक्ल　　(d) बालकृष्ण भट्ट।
5. निम्न में से प्रमुख नाट्य लेखक हैं-
   (a) महावीरप्रसाद द्विवेदी　　(b) प्रेमचन्द
   (c) मैथिलीशरण गुप्त　　(d) जयशंकर प्रसाद।
6. 'दोहा' किस छन्द का विपरीत छन्द है-
   (a) चौपाई　　(b) सवैया　　(c) सोरठा　　(d) रोला।
7. 'त्याग-पत्र' रचना है-
   (a) प्रेमचन्द　　(b) जैनेन्द्र कुमार　　(c) अज्ञेय　　(d) हरिओम।
8. 'चन्द्रकान्ता' रचना है-
   (a) लज्जाराम मेहता　　(b) देवकीनन्दन खत्री
   (c) हजारीप्रसाद द्विवेदी　　(d) भगवतीचरण वर्मा।
9. हिन्दी की प्रथम मौलिक एकांकी है-
   (a) एक घूंट　　(b) नवरस　　(c) दीपदान　　(d) अन्धी गली।

(पृष्ठ पलटिए)

https://www.upboardonline.com

गया है। अहिंसा का दूसरा नाम या दूसरा रूप त्याग है और हिंसा का दूसरा रूप या दूसरा नाम स्वार्थ है, जो प्रायः भोग के रूप में हमारे सामने आता है। पर हमारी सभ्यता ने तो भोग भी त्याग ही से निकाला है और भोग भी त्याग में ही पाया है। श्रुति कहती है- 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः।' इसी के द्वारा हम व्यक्ति-व्यक्ति के बीच का विरोध, व्यक्ति और समाज के बीच का विरोध, समाज और समाज के बीच का विरोध, देश और देश के बीच का विरोध मिटाना चाहते हैं। हमारी सारी नैतिक चेतना इसी तत्त्व से ओत-प्रोत है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) हमारे नैतिक सिद्धान्तों में किस चीज को प्रमुख स्थान दिया गया है? इसका दूसरा रूप क्या है?

22. निम्नलिखित पद्यांश का काव्य सौन्दर्य के साथ ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए- 6

बुरौ बुराई जौ तजे, तौ चितु खरौ डरातु।
ज्यौं निकलंक मयंक लखि, गनै लोग उतपातु॥
स्वारथु सुकृतु न श्रमवृथा, देखि बिहंग बिचारि।
बाज पराए पानि परि, हूँ पच्छीनु न मारि॥

अथवा

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का, मृत्यु एक है विश्राम-स्थल।
जीव जहाँ से फिर चलता है, धारण कर नव जीवन संबल॥
मृत्यु एक सरिता है जिसमें, श्रम से कातर जीव नहाकर।
फिर नूतन धारण करता है, काया रूपी वस्त्र बहाकर॥

23. निम्नलिखित संस्कृत अवतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 5

मानव-जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कर्तुं महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः।

अथवा

वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी। इयं विमलसलिलतरङ्गायाः गङ्गायाः कूले स्थिता। अस्याः घट्टानां वलयाकृतिः पङ्क्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहु राजते। अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः देशेभ्यः नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्याः घट्टानांचशोभां विलोक्य इमां बहु प्रशंसन्ति।

24. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3

अथवा

स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर कथासंगठन पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

25. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक रचना का नाम लिखिए- 5

(i) भगवत शरण उपाध्याय (ii) रामचन्द्र शुक्ल (iii) जयशंकर प्रसाद।

(पृष्ठ पलटिए)

https://www.upboardonline.com

10. समालोचना सम्राट कहा जाता है-
(a) जयशंकर प्रसाद (b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(c) प्रेमचन्द (d) भगवतीचरण वर्मा।

11. जहाँ उपमेय में उपमान का भेद रहित आरोप हो वहाँ अलंकार होगा-
(a) उपमा (b) रूपक (c) उत्प्रेक्षा (d) यमक।

12. 'दशानन' में समास है-
(a) अव्ययीभाव (b) बहुव्रीहि (c) द्विगु (d) कर्मधारय।

13. 'राम: पठति' में लकार है-
(a) लट्लकार (b) लृट्लकार (c) लङ्गलकार (d) लोटलकार।

14. 'अनुपम' का पर्यायवाची शब्द है-
(a) अनोखा (b) अपूर्व (c) अवमान (d) अनूठा।

15. 'कर्म' का तद्भव शब्द है-
(a) करनी (b) कर्तव्य (c) काज (d) काम।

16. 'मात्राज्ञा:' में सन्धि है-
(a) वृद्धि (b) यण (c) अयादि (d) गुण।

17. 'हिमालय की पुकार' रचना है-
(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी (b) जयप्रकाश भारती
(c) जगमोहन सिंह (d) वियोगी हरि।

18. 'कामायनी' में सर्ग हैं-
(a) 12 (b) 14 (c) 15 (d) 16

19. 'ममता' किसकी पुत्री है-
(a) चूड़ामणि (b) हर्षवर्धन (c) राज्यवर्धन (d) शेरशाह।

20. 'मंझन' किस युग के कवि हैं-
(a) भक्तिकाल (b) रीतिकाल (c) आदिकाल (d) आधुनिक काल।

## खण्ड - 'ब'

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6

मित्र का कर्तव्य इस प्रकार बताया गया है- उच्च और महान् कार्य में हर प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और सहास दिलाना कि तुम अपनी निज की सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ। <u>यह कर्तव्य उसी से पूरा होगा जो दृढ़चित्त और सत्य-संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो।</u>

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।
(ख) गद्यांश के रखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) मित्र का कर्त्तव्य कैसा होना चाहिए?

अथवा

हमारी संस्कृति का मूलाधार इसी अहिंसा तत्त्व पर आधारित है। जहाँ-जहाँ हमारे नैतिक सिद्धान्तों का वर्णन आया है, अहिंसा को ही उनमें मुख्य साधन दिया

https://www.upboardonline.com

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक रचना का नाम लिखिए- 5

(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) महादेवी वर्मा (iii) सूरदास।

26. अपनी पाठ्य-पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए- 4

(क) दुर्मुखः कः आसीत्?

(ख) ग्रामीणान् कः उपाहसत्?

(ग) गीतायाः कः सन्देशः?

28. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए- 5

(क) सदा सत्य बोलना चाहिए।

(ख) अभिमन्यु पत्र लिखता है।

(ग) बालक जाता है।

(घ) हम सब जल पीते हैं।

(ङ) वाराणसी गंगा तट पर स्थित है।

29. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 9

(क) बाढ़ का विनाशकारी दृश्य।

(ख) राष्ट्रीय एकता का महत्त्व।

(ग) जीवन में अनुशासन का महत्त्व।

(घ) किसी मेले का आँखों देखा वर्णन।

(ङ) पुस्तकालय।

**https://www.upboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

https://www.upboardonline.com